केन्द्रीय विद्यालय नं. 1
नीमच (म.प्र.)



अंकुर

Ankur

KENDRIYA VIDYALAYA No. 1, NEEMUCH

केन्द्रीय विद्यालय नं. 1 नीमच परिवार

संपादक मण्डल

विद्यालय 'ई' पत्रिका - 2018-19

संपादक मंडल

मुख्य संरक्षक – श्री सोमित श्रीवास्तव

उपायुक्त के.वि.सं. भोपाल संभाग

संरक्षक

श्री ए. के. दीक्षित

प्राचार्य

उप - संरक्षिका

श्रीमती सी. पारगी

उप-प्राचार्या

परामर्शदाता

श्री प्रदीप यादव

प्रधानाध्यापक

प्रधान सम्पादक

श्री बी. एल. मीना

स्नातकोत्तर शिक्षक, हिंदी

:: सह सम्पादक मंडल ::

हिन्दी - संस्कृत

1. श्री डी. के. सोलंकी
   (प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक)
2. श्री आर. पी. बैरवा
   (प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक)
3. श्री डॉ. मनीष जोशी
   (प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक)
4. श्रीमती आर. के. राणा
   (प्राथमिक शिक्षिका)
5. श्रीमती अमिता पाठक
   (प्राथमिक शिक्षिका)
6. कु. चार्वी माली
   (छात्रा - कक्षा 11-अ)
7. मास्टर लक्षित शर्मा
   (छात्रा - कक्षा 6-द)

अंग्रेजी

1. श्री कुलदीप रावल
   (प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक)
2. श्रीमती माधुरी यादव
   (प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक)
3. श्रीमती अंजना रोजारियो
   (प्राथमिक शिक्षिका)

राजीव रंजन कुमार

सत्यमेव जयते

आ०शा० पत्र संख्या..
D.O.No.एम-पाँच-1 (केवि)/2018-पी.ए.
पुलिस उप महानिरीक्षक-सह-प्रबंधक
Dy Insp Genl of Police-Cum-Chairman
विद्यालय प्रबन्ध समिति, के.वि. क्रमांक-1
Vidyalaya Management Committee, K.V.No.1,
ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
Group Centre, Central Reserve Police Force,
नीमच, मध्य-प्रदेश - 458441
Neemuch, Madhya Pradesh-458441
दिनांक/Dated : 03 December2018

प्रिय पाठकगण,

केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1, नीमच के विद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य के सम्मिलित एवं सार्थक प्रयास का परिणाम है कि विद्यालय की वार्षिक पत्रिका अंकर आपके हाथों में है। निश्चित रूप से किसी भी बालक-बालिका की प्रथम पाठशाला उसका अपना परिवार होता है तथा प्रथम शिक्षक/शिक्षिका उसकी माँ होती है, परन्तु यह भी अक्षरश: सत्य है कि इन्हीं बालक-बालिकाओं में छिपी हुई विभिन्न प्रतिभाओं को निखारने का कार्य हमारे शिक्षक-शिक्षिकाएं करते हैं तथा देश के स्वर्णिम भविष्य का निर्माण करते हैं।

इस पत्रिका के माध्यम से हमारे विद्यालय परिवार ने विद्यालय में अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं में छिपी हुई लेखन क्षमता का आंकलन करते हुए उनके विभिन लेखों, रचनाओं एवं संकलन के मोतियों को एक पत्रिका रूपी माला में पिरोकर आपके समक्ष प्रस्तुत किया है। आशा है यह पत्रिका पाठकों के मानस पटल पर अपनी गहरी छाप छोड़ेगी।

शुभकामनाओं सहित।

(राजीव रंजन कुमार)

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
क्षेत्रीय कार्यालय/BHOPAL REGION
E.Mail : acbhopal@yahoo.com

Phone : 2550728 (DC)
2551678 (ACs)
2551699 (AO/FO)
Fax : 0755-2553126

Opp. Maida Mills
Bhopal-462011



दिनांक : 26.11.2018

संदेश

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि केन्द्रीय विद्यालय, क्रमांक 1 नीमच सत्र 2018-19 के लिए विद्यालय पत्रिका का प्रकाशन करने जा रहा है।

पत्रिका छात्र-छात्राओं में छिपी प्रतिभा को उजागर करने का एक अच्छा प्रयास है। पत्रिका अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम बनेगी एवं संस्था के होनहार छात्र-छात्राओं को एक आदर्श व्यक्तित्व के रूप में समाज के सामने प्रस्तुत करने में अभिन्न भूमिका निभा सकेगी। मुझे पूर्ण विश्वास है कि जय पत्रिका सृजनात्मकता को नई पहचान देने तथा छात्रों के नवोत्थान को प्रदर्शित करने का माध्यम होगी।

पत्रिका प्रकाशन के पुनीत एवं अनुपम प्रयास के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

(सोमित श्रीवास्तव)
उपायुक्त

प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय
क्रमांक 1 नीचम

प्राचार्य की कलम से.....

छात्र–छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने और उसमें निखार लाने का सबसे प्रभावशाली माध्यम है विद्यालय की पत्रिका। यूँ तो छात्र–छात्राओं में रचनात्मक प्रतिभा बहुत अधिक होती है परंतु आवश्यकता इस बात की है कि उन्हें उचित मार्ग दर्शन मिले। बच्चों को अपनी मौलिक अभिव्यक्ति के लिए पूरी स्वतंत्रता होनी चाहिए तभी वे अपने मन की बात लिखना सीख सकेंगे।

विद्यालय–पत्रिका विद्यालय की शैक्षणिक, सहशैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद, संगीत, कला आदि संपूर्ण गतिविधियों का प्रतिबिंब है। मैं विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ जिन्होंने अथक परिश्रम कर इस विद्यालय पत्रिका को प्रकाशित करने में योगदान दिया।

हमें विश्वास है कि हमारे पाठकगण उभरती नन्हीं प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देंगे साथ ही अपने अमूल्य सुझावों से मार्गदर्शन करेंगे।

ए 0के0 दीक्षित
प्राचार्य

KENDRIYA VIDYALAYA NEEMUCH NO. 1

OVERALL RESULT TO CLASS XII-2017-18

S.No.	Name of KV	Total No. of Student Appeared	Total No. of Student Passed	Total No. of Student Comp.	Total No. of Student Fail	Overall Pass %
1	No.01 Neemuch	117	96	18	3	82.05%

STREAM WISE TOPPERS LIST

Stream Wise	Name of Students	Position	Total Marks	Marks Obtained	Percentage %	Contact No.
Science	Kanishka Upadhaya	1st	500	452	90.4	9969578113
Commerce	Mehvish Syed	1st	500	405	81	9993720286
Humanities	Shubham Dangi	1st	500	458	91.6	7000125097

Kanishka Upadhaya
1st 90.4%
SCIENCE

Mehvish Syed
1st 81 %
COMMERCE

Shubham Dangi
1st 91.6%
HUMANITIES

KENDRIYA VIDYALAYA NEEMUCH NO. 1

OVERALL RESULT TO CLASS X-2017-18

Name of KV	Total No. of Student Appeared	Total No. of Student Passed	Total No. of Student Comp.	Total No. of Student Fail	Overall Pass %	1st Div.	2nd Div.	3rd Div.
No.01 Neemuch	106	106	0	0	100%	66	40	-

STREAM WISE TOPPERS LIST

Aastha Jain
1st 93.4% (500/467)
Mb. 883967743

Rishabh Singh
2nd 90.4% (500/452)
Mb. 9454190406

Bhavna Shiv
3rd 90% (500/450)
Mb. 9479441597

विद्यालय प्रबंध समिति

1.	अध्यक्ष	– **श्री राजीव रंजन कुमार** पुलिस उप महानिरीक्षक, समूह केन्द्र, के. रि. पु. ब. नीमच
2.	सदस्य (अध्यक्ष द्वारा नामित)	– **श्री मनोज कुमार** कमांडेंट, के.रि.पु.ब., समूह केन्द्र, नीमच
3.	सदस्य (शिक्षाविद्)	– **डॉ. एन. के. डबकरा** प्राचार्य, शा. सीताराम जाजू कन्या महाविद्यालय, नीमच
4.	सदस्य (शिक्षाविद्)	– **श्रीमती साधना सेवक** सहायक प्राध्यापक, शा. सीताराम जाजू कन्या महाविद्यालय, नीमच
5.	सदस्य (सांस्कृतिक क्षेत्र)	– **श्री पी. सी. शर्मा** सेवा निवृत्त स्नातकोत्तर शि. के. वि., नीमच
6.	सदस्य (अभिभावक)	– **प्रोफेसर संजय जोशी** पिता- कु. केलजा जोशी, कक्षा 12वीं कला
7.	सदस्य (अभिभावक)	– **श्रीमती संध्या सिंह** माता - मा. हितार्थ कुमार, कक्षा-I ब
8.	सदस्य (डॉक्टर)	– **डॉ. अनिल दुबे** जिला चिकित्सालय, नीमच
9.	सदस्य (अ.जा./अ.ज.जा. प्रतिनिधि)	– **श्री आर. सी. मेघवाल** सहा. प्रोफेसर, शासकीय महाविद्यालय, जावद
10.	सदस्य (तकनीकी अधिकारी)	– **श्रीमती प्रमिला जैन** प्राथमिक अध्यापिका, के.वि.क्र.1, नीमच
11.	सदस्य (सहकारिता)	– **श्री के. बाबर** सेवा निवृत्त (डी.ई.ओ.) शिक्षक कॉलोनी, नीमच
12.	सदस्य (शिक्षक)	– **श्री एस. सी. जैन** सहा. इंजीनियर, सी.पी.डब्लू.डी., नीमच
13.	सदस्य (सचिव)	– **श्री ए. के. दीक्षित** प्राचार्य, के. वि. क्र. 1, नीमच

संस्कृत विभागः

संस्कृत-श्लोकाः

1. उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः।
   न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः।।

2. वाणी रसवती यस्य, यस्य श्रमवती क्रिया।
   लक्ष्मीः दानवती यस्य, सफलं तस्य जीवितं।।

3. प्रदोषे दीपकः चन्द्रः, प्रभाते दीपकः रविः।
   त्रैलोक्ये दीपकः धर्मः, सुपुत्रः कुलदीपकः।।

4. प्रियवाक्य प्रदानेन, सर्वे तुष्यन्ति मानवाः।
   तस्मात् प्रियं वक्तव्यम्, वचने का दरिद्रता।।

5. सेवितव्यो महावृक्षः, फलच्छाया समन्वितः।
   यदि देवाद् फलं नास्ति, छाया केन निवार्यते।।

6. देवो रुष्टे गुरुस्त्राता, गुरो रुष्टे न कश्चनः।
   गुरुस्त्राता गुरुस्त्राता गुरुस्त्राता न संशयः।।

खुशी वलेचा
कक्षा-8वीं स

चाणक्य-नीति श्लोकाः

1. अन्तर्गतमलो दुष्टस्तीर्थस्नानशतैरपि।
   न शुध्यति यथा भाण्ड सुराया दाहितं च यत्।।

2. सत्यं मातापिता ज्ञानं धर्मो भ्राता दया स्वसा।
   शान्तिः पत्नी क्षमा पुत्रः षडेते मम बान्धवाः।।

3. आत्मद्वेषात् भवेन्मृत्युः परद्वेषात् धनक्षयः।
   राजद्वेषात् भवेत् नाशो, ब्रह्मद्वेषात् कुलक्षयः।।

4. रङ्कं करोति राजानं राजानं रङ्कमेव च।
   धनिनं निर्धनं चैव निर्धनं धनिनं विधिः।।

5. येषां न विद्या न तपो न दानं ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः।
   ते मर्त्य लोके भुवि भारभूता मनुष्यस्वरूपेण मृगाश्चरन्ति।

6. यस्या नास्ति स्वयं प्रव्ता शास्त्रं तस्य करोति किम्।
   लोचनाभ्यां विहीन स्य दर्पणः किं करिष्यति।

7. एकवृक्षसमारुढ़ा नाना वर्णा विहङ्गमाः।
   प्रभाते दशसु दिक्षु तत्र का परिवेदना।।

अर्पिता दीक्षित
कक्षा 8 अ

श्लोका:

गुण गुणज्ञेषु गुणा भवन्ति
ते निर्गुणं प्राप्य भवन्ति दोषाः।
सुस्वादुतोयाः प्रभवन्ति नद्यः
समुद्रमासाद्य भवन्तयपेयाः।।

अर्थ : गुणवान व्यक्ति के गुण तभी तक गुण बने रहते हैं जब तक कि वह गुणवान लोगों के साथ रहता है। यदि गुणवान बुरे लोगों के साथ रहने लगता है तो उसके गुण भी दोषों में बदल जाते हैं। जैसे मीठे पानी वाली नदियाँ जब खारे पानी वाले समुद्र में जाकर मिलती हैं तो उनका मीठा पानी भी खारा हो जाता है।

स्त्रियां रोचमानायां सर्व तद् रोचते कुलम्।
तस्यां रोचमानायां सर्वमेव न रोचते।।

अर्थ : जिस परिवार में महिलाएं प्रसन्न रहती हैं उस परिवार के सभी कार्य सफल होते हैं और जिस परिवार की महिलाएं दुखी रहती हैं उस परिवार के सभी कार्य असफल हो जाते हैं।

महंता प्रकृति सैव वर्धितानां परैपि।
न जहाति निजं भावं संख्यासु लाकतिर्यथा।

अर्थ : जैसे यात्रियों की संख्या में कमी या वृद्धि के आधार पर नाव अपने आकार को तथा 9 का अंक किसी भी अंक से गुणा किये जाने पर भी अपने स्वरूप को नहीं बदलता है, उसी प्रकार महापुरुष भी दूसरों के सुख-दुख में वृद्धि को देखकर अपना स्वभाव नहीं बदलते।

प्रियंका डांगी
कक्षा 8 अ

श्लोका:

1. गुरु ग्रह गऐ पढ़न रघुराई अल्प काल विद्या सब आई।
2. कराग्रे वसते लक्ष्मी, कर मध्ये सरस्वती कर मूले तु गोविन्दम, प्रभाते कर दर्शनम्।
3. ब्रह्मा मुरारी स्त्रिपुरान्तकारी, भानुः शशी भुमिसुतोबुधश्च गुरुश्च शुक्रः शनि राहु केतवः, कुर्वन्तु सर्वे मम् सुप्रभातम्।
4. समुद्र वसने देवि, पर्वतस्तनमण्डले विष्णुपत्नि नमस्तुभ्यं, पादस्पर्शक्षमस्व में।

अदिति शर्मा
कक्षा 6 द

सफलता याः सूत्रम्

आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु।
बुद्धि तु सारथि विद्धि मनः प्रग्रहमेव च।
इन्द्रियाणि हानाहुर्विषस्तेषु गोचरान्।
आत्मेदिन्द्रय मनोयुक्त भोक्तेत्याहुर्मनीषिणः।।

अर्थः शरीर रूपी रथ में आत्मा रथ है, बुद्धि सारथी व मन लगाम है। इन्द्रिय रूपी छोड़े विषय रूपी पथों पर दौड़े जा रहे हैं। जो प्रज्ञावान होकर मन रूपी लगाम को कसकर रखते हैं और इन्द्रियों के विषय-भोग-वासनाओं रूपी कुपथों से बचकर सत्य, संयम व सदाचार रूपी योग मार्ग पर चलते हैं, वे ही अपनी मंजिल पाते हैं।

वन्दना भट्ट
कक्षा 8 ब

मम विद्यालयः

अस्ति एकः विद्यालयः,
सः केन्द्रीय विद्यालयः।
अस्ति अत्र शिष्टाचारः
कारणमस्ति प्राचार्यः।।

नमामि शिक्षिकाः तथा शिक्षकान्,
ये पाठयन्ति अनेकान् विषयान्।
अहमस्ति अत्र तत्र सर्वत्र,
अतः कथयति सर्वदा
पठतु संस्कृतं लसतु संस्कृम्।।

सन्ति अत्र बहवः वृक्षाः,
वृक्षेषु, सन्ति पुष्पाणि।
पुष्पाणि सन्ति मधूनि।
मधुमक्षिका पुष्पाणामुपरि।।

गगन पी.
कक्षा 8 अ

हिन्दी
विभाग

बच्चों के मुख से

मैं बहुत छोटा हूँ,
मुझे नन्हे पैरों से चलने दो,
हर नए काम को,
अनुभव, ले मुझे करने दो।

संभावनाएँ मुझ में अनेक
हर सत् पथ पर मुझे चलने दो
मेरे मुक्त विचारों को
विकसित हो फलने दो।।

प्रश्न करने से मत रोके
जिज्ञासाएँ मुझ में बढ़ने दो
उत्तर भी मैं ही खोजू,
मुझे ऐसे अवसर मिलने दो।

मैं सुषुप्त छोटा बीज हूँ,
अंकुरित हो वृक्ष बनने दो,
मुझको सींचो और सम्भालो,
मुझे हर पोषण को मिलने दो।।

मुझे दुलारों प्यार करो।
और अपना अवलम्बन बनने दो,
मुझ सीमाओं में मत बांधो,
मुझे मुक्त कल्पनाओं में उड़ने दो।

कहानी, किससे खूब सुनाओ,
मुझ में जीवन आदर्श बनने दो,
तरह-तरह के खेल खिलाकर,
जीवन शक्ति बढ़ने दो।।

पथ के खतरे तो बताओ,
पर सावधान हो राह चुनने दो,
मेरा अजान आवरण हटा कर
तेज पुन्ज रवि की मिलने दो।

जीवन जीने की कला सीखूँ,
खूब क्रिया कलाप होने दो
नन्हें हाथों से आसमाँ छुँऊ
ऐसी उड़ान मुझे भरने दो।

हितांशी शर्मा
कक्षा 4 ब

बचपन

एक बचपन का जमाना था।
जिसमें खुशियों का खजाना था।
चाहत चाँद को पाने की थी।
पर दिल तितली का दीवाना था।
खबर ना थी सुबह की।
ना शाम का ठिकाना था।
थक कर आना स्कूल में,
पर खेलने भी जाना था।
माँ की कहानी थी,
परियों का फसाना था।
बारिश में कागज की नाव थी,
हर मौसम सुहाना था।
रोने की वजह न थी।
ना हँसने का बहाना था।
क्यों हो गए हम इतने बड़े।
इससे अच्छा तो वो
बचपन का जमाना था।

आदित्य नागदा
कक्षा 5 ब

पहेलियाँ

ऐसी कौनसी चीज़ है जो बच्चे को जवान और जवान को बूढ़ा बना देती है? बताओ क्या?

वो कौनसी चीज़ है जो अगर चलते-चलते थक जाए, तो उसकी गर्दन काटने पर वह वापिस चलने लग जाती है? बताओ क्या?

वो क्या है जिसे आप एक बार खाकर वापिस नहीं खाना चाहते, मगर फिर भी खाते हैं? बताओ क्या

हरी मुर्गी हरा अंडा? बताओ क्या?

उत्तर, उम्र, पेंसिल, धोखा, मटर

जानवी चन्द्रा
कक्षा 3 ब

पेड़ हमें जीवन देते हैं

पेड़ हमें उपवन देते हैं।
सुरभित सा सावन देते हैं।
इनसे सांसों का स्पन्दन,
पुलकित अंतर्मन देते हैं।
जगती का सौभाग्य इन्हीं से,
धरती का यौवन देते हैं।
इनके बिना असंभव जीना,
सीने से धड़कन देते हैं।
पलना-पलंग-लकुटिया संबल,
अंत समय तक ईंधन देते हैं,
ये सचमुच शिव शंकर से हैं,
विषय पीकर जीवन देते हैं।

कनक चौहान
कक्षा 5 अ

माँ की ममता

माँ की ममता करुणा न्यारी,
जैसे दया की चादर
शक्ति देती नित हम सबको,
बन अमृत की गागर
साया बनकर साथ निभाती
चोट न लगने देती
पीड़ा अपने ऊपर ले लेती,
सदा-सदा सुख देती,
माँ का आँचल सब खुशियों की
रंग रंग फुलवारी
इसके चरणें में जन्नत है
आनन्द की किलकारी
अदभुत माँ का रूप सलोना
बिलकुल रब के जैसा
प्रेम के सागर सा लहराता
इसका अपना अपनापन ऐसा...

शुभिका खण्डेलवाल
कक्षा - चौथी अ

घमंडी पेड़ और मुधुमक्खियाँ

किसी जंगल में दो पेड़ थे, एक आम का पेड़ और एक पीपल का पेड़। आम का पेड़ अपने स्वभव की तरह मीठा और नरम था। वही पीपल रूखा और अकडू था। एक दिन उस जंगल में एक रानी मधुमक्खी अपने साथियों के साथ रहने आयी। पीपल के पेड़ को देखकर रानी मधुमक्खी अपने साथियों से बोली यह पेड़ काफी घना और बड़ा है हम इस पर अपना घर बनाने की बात करते हैं। रानी मक्खी ने पीपल के पेड़ से पूछा कि क्या वे उस पर अपना छत्ता बना लें, इस पर पीपल के पेड़ ने गुस्सा होकर मना कर दिया। तभी आम के पेड़ ने उन्हें बुलाकर कहाँ कि आप मुझ पर अपनी छत्ता बना लीजिए मुझे खुशी होगी अगर मैं आपके काम आ सका। इस तरह रानी मक्खी और साथी आम के पेड़ पर छत्ता बनाकर रहने लगे।

एक दिन जंगल में दो लकड़हारे आये। उन्होंने पहले आम के पेड़ को देखा और उसे काटने उसके पास पहुंचे। परन्तु जब उन्होंने उस पर मधुमक्खियों का छत्ता देखा तो उन्होंने उसे काटने का विचार छोड़ दिया क्योंकि ऐसा करने पर मधुमक्खियाँ उन्हें काट लेती। फिर उन्होंने पीपल का पेड़ देखा और उसे काटने लगे। यह देखकर आम के पेड़ ने रानी मक्खी से कहा कि हमें पीपल के पेड़ की मदद करनी चाहिए। सभी मधुमक्खियों ने मिलकर लकड़हारों को भगा दिया। इस पर पीपल के पेड़ ने मधुमक्खियों से धन्यवाद कहा, तो रानी मक्खी ने कहा कि धन्यवाद आम के पेड का कीजिए। पीपल का पेड़ आम के पेड़ को धन्यवाद कहता है।

इसीलिए कहते हैं कि कोई तुम्हारे साथ बुरा करे तो यह जरुरी नहीं कि तुम भी उसके साथ बुरा करो।

शिक्षा – हमें कभी भी घमंड नहीं करना चाहिए। और दूसरों की मदद करनी चाहिए।

श्रेया एस.नायर
कक्षा – 4 ब

मंजिल

हर कदम पे संघर्ष है जिन्दगी।
बढ़ते जाओ संघर्ष करते जाओ।
कभी तो मिलेगी मंजिल तुम्हारी।।
रुक जो गये कदम रास्ते में कभी।
तो दूर हो जायेगी मंजिल तुम्हारी।।
मुड़कर व देखना पीछे कभी,
मुसीबतों से न घबराना कभी,
न छोड़ना उम्मीद का दामन कभी,
आज नहीं तो कल पास नहीं तो दूर।
कभी तो, कहीं तो, मिलेगी मंजिल तुम्हारी।।

अनुष्का चौहान
कक्षा 5 अ

घुटनों से रेंगते, रेंगते,
कब पैरों पर खड़ा हुआ।
तेरी ममता की छाँव में,
जाने कब बड़ा हुआ।
काला टीका दूध मलाई,
आज भी सब कुछ वैसा है।
मैं ही मैं हूं हर जगह,
प्यार ये तेरा कैसा है?
सीधा-साधा, भोला-भाला,
मैं ही सबसे अच्छा हूँ।
कितना भी हो जाऊँ बड़ा,
''माँ'' मैं आज भी तेरा बच्चा हूँ।

प्रज्ञा शर्मा
कक्षा 4 स

हजारों दुखड़े सहती है

हजारों दुखड़े सहती है माँ,
फिर भी कुछ ना कहती है माँ।
हमारा बेटा फले और फूले
यही तो मंतर पढ़ती है माँ।
हमारे कपड़े कलम और कॉपी,
बड़े जतन से रखती है माँ।
बना रहे घर बटे न आँगन,
इसी से सबकी सहती है माँ।
रहे सलामत चिराग घर का,
यही दुआ बस करती है माँ।
बड़े उदासी मन से जब जब,
बहुत याद में रहती है माँ।
नजर का कांटा कहते हैं सब,
जिगर का टुकड़ा कहती है माँ।
हमेशा मेरे हृदय में,
ईश्वर जैसी रहती है माँ।

फरजाना बी
कक्षा 3 द

हिम्मत करने वाले की हार नहीं होती

हिम्मत करने वाले की हार नहीं होती,
लहरों से डर कर नैया पार नहीं होती।
नन्ही चीटी जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती दीवारों पर सौ बार फिसलती है,
मन का विश्वास रंगों में साहस भरता है,
चढ़ कर गिरना गिर कर चढ़ना न अखरता है।

आखिर किसकी मेहनत बेकार नहीं जाती,
कोशिश करने वाले की कभी हार नहीं होती।

डुबकियाँ सिंधु से लगातार लगाता है,
जा-जा कर खाली हाथ लौट आता है।
मिलते न सहज ही मोती गहरे पानी में,
बढ़ता दूना उत्साह इसी हैरानी में।।

मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती,
हिम्मत करने वालों की कभी हार नहीं होती।।

असफलता एक चुनौती है। स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई देखो और सुधार करो।
जब तक सफल न हो नींद चैन को त्यागो तुम,
संघर्षों का मैदान छोड़ मत भागो तुम,

कुछ किए बिना जय-जयकार नहीं होती,
हिम्मत करने वालों की कभी हार नहीं होती।।

अभिषेक वर्मा
कक्षा 5 ब

समय

समय कभी व्यर्थ न खोना,
समय पर जागना समय पर सोना।
समय बड़ा होता बलवान,
करो सदा इसका सम्मान।
समय का पहिया चलता जाए,
कभी धूप तो छाँया ये लाये।
चेतन रहता सदा किसान,
बोया बीज, सजा खलिहान।
समय वे वाहन आते जाते,
मंजिल पर सबको पहुँचाते।
समय का करता जो अपमान,
होता उसका है नुकसान।
साथ समय के चलते जाएं,
प्यार नम्रता हम अपनाएँ।
पाएं जग यश, सम्मान,
आगे बढ़े हम बने महान।
समय से करते जो अभ्यास,
आई काहे हम भये उदास।

दिव्यांशी
कक्षा 4 ब

मेरा देश

प्यारा प्यारा मेरा देश,
सजा सवारा मेरा देश,
दुनिया जिस पर गर्व करे
नयन सितारा मेरा देश।
चाँदी सोना मेरा देश,
सफल सलाना मेरा देश,
सूरज जैसे आलौकी,
सुख का कोना मेरा देश।
फूलों वाला मेरा देश,
झूलों वाला मेरा देश,
गंगा-यमुना की माला का,
फूलों वाला मेरा देश।
आगे जाये मेरा देश,
हर पल मुस्काये मेरा देश,
इतिहास में बढ़-चढ़ कर,
नाम लिखाये मेरा देश।
प्यारा-प्यारा मेरा देश,
सजा सवारा मेरा देश।

तनिषा आर्य
कक्षा 4 अ

मेरा विद्यालय

वद्या का भण्डार भरा है जिसमें सारा।
मुझको अपना विद्यालय लगता है प्यारा।।
नित्य नियम से विद्यालय में, मैं पढ़ने को जाता हूँ।
इण्टरवल जब हो जाता, मैं टिफ़िन खोल कर खाता हूँ।
खेल-खेल में दीदी जी विज्ञान-गणित सिख
हिन्दी और सामान्य-ज्ञान भी ढंग से हमें पढ़
कम्प्यूटर सरजी हमको रोज़ लैब ले जाते हैं।
कप्यूटर में गेम खेलना सबसे ज्यादा भाता है।
माउस और कर्सर का हमको सर ने ज्ञान कराया है।
इण्टरनेट चलाना भी मुझको थोड़ा सा आया है।
जिनका घर दूर वही बालक रिक्शा से आते हैं।
जिनका घर है बहुत पास वो पैदल-पैदल जाते हैं।
पढ़-लिख कर मैं अच्छे अच्छे काम करुँगा।
दुनिया में अपने भारत का सबसे ऊँचा नाम करुंगा।।

पार्थ कुमावत
कक्षा 3 ब

पिता क्या है?

1. पिता एक उम्मीद है, एक आस है,
परिवार की हिम्मत और विश्वास है।
बाहर से सख्त अंदर से नर्म है,
उसके दिल में दफन कई गम हैं।
2. पिता संघर्ष की आंधियों में हौसलों की दीवार है,
परेशानियों से लड़ने को दो धारी तलवार है।
बचपन में खुश करने वाला खिलौना है,
नींद लगे तो पेट पर सुलाने वाला बिछौना है।
3. पिता जिम्मेदारियों से लदी गाड़ी का सारथी है
सबको बराबर का हक दिलाता यही एक महारथी है,
सपनों को पूरा करने में लगनी वाली पहचान है,
इसी से तो माँ और बच्चों की पहचान है।
4. पिता जमीर है, पिता जागीर है,
जिसके पास ये है वह सबसे अमीर है।
कहने को सब ऊपर वाला देता है ऐ संदीप
पर खुदा का ही एक रूप पिता का शरीर है।

रितिका आरजिया
कक्षा 3 द

मुझको मेरा देश पसंद है

मुझको मेरा देश पसंद है,
इसका हर संदेश पसंद है।
इसकी मिट्टी में मुझको,
आती सोंधी-सी सुगंध है।

इसकी हर एक बात निराली,
इसकी हर सौगात निराली।
इसके वीरों की गाथा सुन,
आती एक नई उमंग है।

कितनी भाषा कितने लोग,
हर एक की एक नई है सोच।
संस्कृति सभ्यता भले हो भिन्न पर,
मिलते एकता के चिन्ह।

जो गर देश पर आये आंच,
एक होकर सब आते साथ।

मेरा देश है बड़ा महान्,
ये है एक गुणों की खान।

देखली हमने सारी दुनिया,
पर देखा न भारत जैसा।
इस मिट्टी में जनम लिया है,
इसकी हवाओं की ठंडक से,
सांसे पाती नया जनम है,
मुझको मेरा देश पसंद है।

नन्दनी मीना
कक्षा 2 द

कितनी अच्छी बात

कितनी अच्छी बात, सुनो जी,
कितनी अच्छी बात।

सदा चाँद, चाँदनी लुटाता,
झरना सबकी प्यास बुझाता।
पेड़ सदा सबको फल देते,
सूरज संग उजाला लाता।।

ख़ुद जल कर, देता दीपक
अंधकार को मात।
ठीक समय पर मौसम आते,
अपना-अपना रंग जमाते।

बड़े प्यार से सब दे जाते।
इनके साथ खेलते रहते
देखो जी दिन-रात।

तनिष बाडिका
कक्षा 2 अ

पेड़ बड़े



हरे-भरे ये पेड़ बड़े,
हरदम रहते ये खड़े।
बारिश में ये खूब नहाते,
डाली-डाली फूल खिलाते,
तेज़ धूप से हमें बचाते,
हम छाया में इनकी सो जाते।
मीठे फल से हमें खिलाते,
परोपकार का पाठ पढ़ाते।

खुशी यादव
कक्षा 1 स

जब बोलो, तब हँसकर बोलो

जब बोलो, तब हँसकर बोलो।
बातों में मिसरी-सी घोलो।
जब बोलो, तब सच-सच बोलो।
कभी न बातें रच-रच बोलो।
जब बोलो, तब झुकर बोलो,
सोच-समझकर रुककर बोलो।
अपने मन की बातें खोलो,
जब बोलो तब हँसकर बोलो।।

आरव
कक्षा 1 स

स्वच्छ भारत

साफ रहें हम, फिर सोचेंगे हम,
गंदगी का यह कैसा हटेगा तम।
साफ रहे स्वयं फिर घर साफ रखें हम,
गली व विद्यालय को भी साफ करेंगे हम।
आगे सोचो कैसे हटेगा,
गंदगी का यह तम,
स्वच्छ हो ये देश
सपना बापू का था
इस सपने को पूरा करना,
मोदी का था है और रहेगा।।

प्रत्युषा कदम
कक्षा 5 ब

मेरी प्रिय अध्यापिका

घर छोड़ कर शुरू-शुरू में,
स्कूल चला जब आता था।
माँ को याद कर कर के,
मैं बहुत आंसू बहाता था।
फिर प्यारी अध्यापिका ने,
प्यार से मुझको समझाया,
मैं भी तो माँ जैसी ही हूँ,
कह कर मुझको सलहाया,
अपनी प्यारी शिक्षिका को,
धन्यवाद देना चाहता हूँ, कहना,
आप हमेशा नन्हें मुन्नों,
संग बस ऐसे ही रहना।

अभिनव हूडा
कक्षा 1 स

बेटी

बेटी घर के मन्दिर में रखी ज्योती के समान है।
बेटी उपवन में बसी खुशबू के समान है।
बेटी दिल में धड़कन के समान है।
बेटी मरुभूमि में शीतल छाया के समान है।
बेटी चिड़ियों की चहक के समान है।
बेटी वेदों की ऋचा के समान है।
बेटी ओस की बूंद है।
बेटी खुशियों का सागर है।
बेटी फूल की क्यारी है।
बेटी ईश्वर का वरदान है।
बेटी मां का अरमान है।
बेटी पिता का अभिमान है।
बेटी भाई की शान है।

नव्या विश्नोई
कक्षा 2अ

हाय रे परीक्षा

जिस ना को सुनने से काँपता है हर बच्चा,
वो है परीक्षा।
परीक्षा का पेपर हाथ में आते ही,
इतना डर लगता है,
की अच्छा नहीं किया,
तो घर पर पिटना पक्का है।
3 घंटे में करने होते हैं लगभग 40 सवाल,
एक भी छूटा
तो घर पर होता है बवाल।
रिजल्ट के एक दिन पहले,
रात को नींद नहीं आती है,
अच्छा नम्बर पाने के लिए,
भगवान की याद आती है।
रखते हैं विद्यार्थी भगवान का व्रत,
अगर फेल हुए तो लगता है होगा,
डन्डे से नृत्य।
पास होने पर मिलता है,
शानदार ईनाम,
और मुख से निकलता है,
थैंक्यू भगवान।
फिर आती है अगली कक्षा,
तब भी मुख से निकलता है,
हाय रे परीक्षा।।

लक्ष्य जैन
कक्षा 1 स

पहेलियाँ

1. जो मुझे बनाता है। वह मुझे सुन पाता है। बताओ कौन हूँ में?
   उ० सोच-विचार

2. वो क्या है जिसके कारण हम दीवार के पार भी देख सकते हैं?
   उ० खिड़की।

3. कौन-सा प्राणी हफ्तों तक पानी नहीं पीता।
   उ० ऊंट

4. वह कौन-सा जीव है जो तीन साल तक सोता है?
   उ० घोघा

5. वह कौनसा प्राणी है जो कभी नहीं मरता, हमेशा जिंदा रहता है?
   उ० जैली फिश

6. वह कौनसा जीव है जो बिना पैरों के होने के बावजूद भी बहुत तेजी से दौड़ता है।
   उ० साँप

भवनी
कक्षा 1 अ

चिड़िया की परेशानी

बहुत समय पहले की बात है एक चिड़िया थी वह बहुत उंचा उड़ती, इधर-उधर चहचहाती रहती। कभी इस टहनी पर कभी उस टहनी पर फुदकती रहती। पर उस चिड़िया की एक आदत थी वह जो भी दिन में उसके साथ होता। अच्छा या बुरा उतने पत्थर अपने पास पोटली में रख लेती और अक्सर उन पत्थरों को पोटली से निकाल कर देखती। अच्छे पत्थरों को देखकर बीते दिनों में हुई अच्छी बातों को याद करती और खुश होती और खराब पत्थरों को देखकर दुखी होती। ऐसा रोज करती। रोज पत्थर इकट्ठा करने से उसकी पोटली दिन-प्रतिदिन भारी होती जा रही थी। थोड़े दिनों बाद उसे भरी पोटरी लेकर उड़ने में दिक्कत आती थी। उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह उठ क्यों नही पा रही। कुछ समय और बीता, पोटली और भारी होती जा रही थी। अब तो उसका जमीन पे चलना भी मुश्किल होती जा रहा था और एक दिन ऐसा आया कि वह खाने-पीने का इंतजाम भी नहीं कर पाती। अपने लिए और अपने पत्थरों के बोझ तले मर गयी।

शिक्षा - हमें अपनी पुरानी यादों को समेट के नहीं चलना चाहिए। हमें हमेशा हमारे वर्तमान के बारे में सोचना चाहिए और आने वाले भविष्य के बारे में सोचें।

प्रियांशु
कक्षा 1 अ

क्लास मॉनीटर

जो क्लास में बने मॉनीटर
कोरीशान दिखाते हैं।
आता जाता कुछ नहीं,
पर हम पर रोब जमाते हैं।
जब क्लास में टीचर नहीं,
तो खुद टीचर बन जाते हैं।
कॉपी पेंसिल लेकर
बस नाम लिखने लग जाते हैं।

खुद तो हमेशा बातें करें,
हमें चुप करवाते हैं।
अपनी तो बस गलती माफ
हमें बलि चढ़ाते हैंँ।
क्लास तो संभाल पाते नहीं,
बस चिखते और चिल्लाते हैं।
भगवान बनाए इन मॉनीटर से,
इन्हें हम नहीं चाहते हैं।

प्रियांशु
कक्षा 1 अ

मम्मी

परिलोक की कथा कहानी,
हँसकर मुझे सुनाती मम्मी,
फूलों वाले, तितली वाले,
गाने मुझे सिखाती मम्मी।
खीर बने या गरम पकौड़े,
पहले मुझे खिलाती मम्मी।
होमवर्क पूरा कर लूँ तो,
टॉफी-केक दिलाती मम्मी,
काम अगर में रहूँ टालती,
तब थोड़ा झल्लाती मम्मी।

झटपट झूठ पकड़ लेती हे,
मन ही मन मुस्काती मम्मी।
रूठूँ तो बस बात बनाकर
पल में मुझे मनाती मम्मी।

अल्शिफा गौरी

माँ

एक रात में अपने कमरे
में सो रहा था।

अचानक एक आहट में मेरी,
आँख खुल गई।

मैंने सामने फरिशते को देखा
तो मेरे घबराकर पूछा – ''यहाँ कैसे?''

फरिश्ते ने कहा, तेरी माँ को,
लेने आया हूँ।

मैं घबरा गया मैरा दिल
बैठ गया आखें नम हो गई।

मैंने कहा एक सौदा करते हँ,
मुझे ले जाओ मेरी
माँ की जिन्दगी बक्श दो।

फरिश्ता मुस्कुराया और बोला
लेने तो मुझे ही आया था।

पर तुझको पहले तेरी माँ,
ने सौदा कर लिया।

इसलिए कहते हैं कि माँ
के प्यार से भगवान
भी हार जाता है।

शुभम् जायसवाल
कक्षा – 8अ

ए यारा तू तो प्यारा है।

कोई छिपी हुयी ये बात नहीं,
जाने ये जहान भी सारा है,
हमको तो अपनी जान से भी
ए यारा तू ही प्यारा है।

अब का नहीं है जन्मों का है,
लगता है अपना याराना,
क्या रिश्ता है हम दोनों में,
मुश्किल है सब को समझाना,
मेरे लिए तू जैसे
अंबर में चमकता तारा है,
हमको तो अपनी जान से भी
ए यारा तू तो प्यारा है।

तू रहे सलामत यार मेरे,
बस यही दुआ हम करते हैं,
तेरे लिए कुछ भी कर जायें,
हम मौत से भी न डरते हैं,
तू भी तो भागा आया है,
हमने जब-जब तुझको पुकारा है।
हमको तो अपनी जान से भी,
ऐ यारा तू तो प्यारा है।

खुशी वलेचा
कक्षा – आठवी स

आजादी का तिरंगा

आजादी का आज तिरंगा ऐसे यूँ
लहराता है।
जैसे मस्त पवन का झौंका पत्तो को
लहराता है।

आजादी के इस जलसे को सारा देश
मनाता है।

जैसे सारे रंग मिलाकर एक नया रंग
बन जाता है।

नई उमंग रंग मिलाकर एक नया रांग
बन जाता है।

नई उमंग नयी तरंग नया ये दिन कुछ
अलग सा है।

जैसे सात सुरों से मिलकर गीत नया
बन जाता है।

आजादी को पाने खातिर,
आजादी के दीवानों ने।

खुद को अर्पण किया था आज आजादी,
को पाने में,

आज के दिन हर इंसा कुछ कर्ज़दार
बना जाता है।

आजादी का आज तिरंगा ऐसे यूँ,
लहराता है।

जैसे मस्त पवन का झोंका पत्तों को
लहराता है।

दिव्यांशी
कक्षा 8 ब

वीर जगत में आया था



मानवता का पाठ पढ़ाने, वीर जगत में आया था।
हिंसादि पापों को तजने का संदेश सुनाया था।।

भारत में उस समय पाप की ज्वाला बढुती जाती थी।
यज्ञों में पशुओं की टोली निर्मम होमी जाती थी।

मानव मानवता भूले थे घर-घर छिड़ी लड़ाई थी।
तब आकर श्री वीर प्रभु ने जग के मार्ग दिखाया था।
हिंसादि पापों को तजने का संदेश सुनाया था।।

हिंसा के इस नींव कर्म से दूर रहो बतलाया था।
हिंसादि पापों को तजने की संदेश सुनाया था।।

मानव चेतो, कहां पड़े हो, प्रभु ने यह बतलाया था।
हिंसादि पापों को तजने का संदेश सुनाया था।।

भारत में उस समय पाप की ज्वाला बढती जाती थी।
यज्ञों में पशुओं की टोली निर्मल होती जाती थी।।

मानव मानवता भुले थे घर-घर छिड़ी लड़ाई थी।
तब आकर श्री वीर प्रभु ने जग के मार्ग दिखाया था।
हिंसादि पापों को तजने का संदेश सुनाया था।।

हिंसा के इस नीच कर्म से दुर रहो बतलाया था।
हिंसादि पापों को तजने का संदेश सुनाया था।।

मानव चेतो, कहां पड़े हो, प्रभु ने यह बतलाया था।
हिंसादि पापों को तजने का संदेश सुनाया था।।

जिया सोनावा

माँ

माँ और माँ का प्यार निराला
उसने ही है मुझे सम्भाला
मेरी मम्मी बड़ी प्यारी
मेरी मम्मी बड़ी निराली
क्या में उनकी बात बताऊ
सोचू । उन्हे कैसे मै जान पाऊ
सुबह सवेरे मुझे उठती
कृष्णा कह कर मुझे जगाती
जल्दी से तैयार मै होती
उसके कारण स्कूल जा पाती
स्कूल से आते ही खुश होती
जब मम्मी का चेहरा दिखता,
पोष्टिक भोजन मुझे खिलाती,
गृह कार्य भी पूरा करवाती।

माँ और माँ का प्यार निराला,
पर मैं करती गड़बड़ घोटाला,
जब मैं करती कोई गलती,
समझाने की कोशिश करती,
लुटाती मुझ पर अधिक प्यार,
करती मुझ से अधिक प्यार।

मुझ पर गुस्सा जब है आता,
दो मिनट में उड़ भी जाता,
मेरी मम्मी मेरी जान,
रखती मेरी पूरा ध्यान,
माँ और माँ का प्यार निराला,
उसने ही है मुझे सम्भाला।

कल्पना चुण्डावत
कक्षा 8स

भारत माँ

देव भूमि भारत माता पर, हम सबको अभिमान है।
पावन कण-कण यहाँ अनोखा, दर्शन यहाँ महान है।

छोटे-बड़े प्रदेश यहाँ पर, संस्कृति सबकी एक है।
भोजन, भाषा, वेश भिन्न पर आत्मा सबकी एक है।

विन्ध्य हिमालय अरावली और मलय, नीलगिरी पर्वत है।
गंगा, यमुना, सिंधु, नर्मदा नदियाँ इसी धरा पर है।

यहाँ पर शंकर चारों धाम है।
बाहर जयोतिर्लिंग शिव, प्रताप, कान्हा की धरती,
घर-घर श्री राम है।

जय सिरमौर बने फिर भारत हम सबका अरमान है।
देवभूमि भारत माता पर हम सबको अभिमान है।

जतिन कणिका
कक्षा 6ब

यूनिकोड

राजा भैया ने हिंदी में,
कम्प्यूटर पर टाईप किया,
लेख देवनागरी लिपि में उसने
पता समूच खोज लिया।
दादाजी ने सोचा था बस
अंग्रेजी ही होगी इस पर,
लेकिन भैया ने दिखलाया।
हिंदी में सब कुछ सम्भव कर।
ऐसे में भैया ने खुश हो,
दादाजी को था बतलाया,
यह यूनिकोड का है कमाल
ओ उनको भी था सिखलाया।
आओ, हम सब भी कम्प्यूटर पर
हिंदी अपनाएं बच्चों,
हिंदी जन-जन की भाषा है,
इसके गुण हम गाएं बच्चों।

रीफत कुरैशी
कक्षा - 7 स

गौरैया तू हो न उदास

गौरैया तू हो न उदास
उड़कर आ जा मेरे पास

नहीं भूख से मरने दूंगी
होने दूंगी नहीं निराश

बंद करुंगी न पिंजरे में
विचरण करना सदा खुलें में

स्वच्छ-स्वच्छ घर में आ जाना
आना कमरे धुले-धुले में

फिर उड़ना अपने आकाश
गौरैया तू हो न उदास

दाना दूंगी पानी दूंगी
कभी-कभी गुड़ धानी दूंगी

मम्मी मुझे सुनाएगी जो
सुनने तुझे कहानी दूंगी।

घर मेरे तुम करो प्रवास
गौरैया तू हो न उदास,

सच्चा साथ निभाऊँगी
तुझे सुलाने को अक्सर

कर देखो मुझ पर विश्वास
गौरैया तू हो न उदास

मुक्ति जेरिया
कक्षा - 7 स

चिन्ता रहती है

वीरों को – आन की
किसानों को – लगान की
नाविक को – तूफान की
नेता को – मतदान की
मुसाफिर को – सामान की
भगवान को – जहान की
भिखारी को – दान की
शराबी को – सुरापान की
ऋषि को – वरदान की
ड्रायवर को – चालान की
कंजूस को – मेहमान की
कायर को – जान की
गायक को – तान की
कमजोर को – बलवान की
विद्यार्थी को – इम्तहान की
व्यापारी को – नुकसान की
पंछी को – उड़ान की
प्रोफेसर को – बखान की
माँ-बाप को – संतान की
अमीर को – शान की

रीतु कुमारी
कक्षा – 8अ

एक सपना है मेरा

एक सपना है मेरा,
एक कहे ये देश हमारा
महान है भारत हमारा
गूंज उठे प्रेम का न्यारा।

मिट जायें दीवारें
मिल जाये देशवासी
गीत गाये सब मिलकर
जीत होगी मानवता की

साथ रहेंगे हिन्दू, मुस्लिम
एक मरेंगे देश की खातिर
देश प्रेम निशान हमारा
भाईचारा मशाल हमारा।

आकांक्षा वर्मा
कक्षा 8ब

पहेलियाँ

1. दूर-दूर से मिलते देखा,
   लेकिन था नजरों का धोखा।
   उत्तर क्षितिज
2. बड़ी कोमल, बड़ी सुकुमार,
   बीच फटल दोनों बगल बाल।
   उत्तर आँख
3. मुट्ठी में ऊँट, कोठी में नाथ,
   तेकरा पिन्हना लाल धंधरी।
   उत्तर मिर्च
4. टपक टाइँया रोइयाँ नाथ,
   चार टंगरी नाँय।
   उत्तर मेंढ़क
5. दिन में एक नहीं, रात हजार,
   चार टँगरी नायँ।
   उत्तर तारा

अंश मोदी
कक्षा 8अ

सीखना होगा दौड़ने और चलते रहने का फर्क

खरगोश और कछुए की एक पुरानी कहानी है। इस कहानी में दौड़ने के बावजूद खरगोश हार जाता है, जबकि मंथर गति से चलते रहने वाला कछुआ जीत जाता है। पुरानी होकर भी यह कहानी अब भी प्रासंगिक है, क्योंकि हमारा समय कोल्हु के बैल की तरह आँख पर पट्टी बाँधे अनवरत दौड़ रहा है। पर नसों में घुल चुकि खरगोश और कछुए की इस कहानी के बाद भी क्या हम दौड़ने और चलने का अंतर समझा जाए हैं? सुबह से शाम तक की दौड़ अगर हमें किसी मंजिल तक नहीं पहुंचाती, तो एक बार मंजिल और रास्ते को दोष देने के बजाय अपने इरादों को पलटकर देखिएगा। हो सकता है कि आप भी खरगोश की तरह अपनी ऊर्जा का संतुलित प्रयोग करने के स्थान पर कोल्हू के बैल की तरह लक्ष्य विहीन दौड़ में मगन हों। यह सही है कि जीतने के लिए दौड़ना जरुरी है, लेकिन कई बार उससे भी अधिक जरुरी है, अनवरतर चलते रहना है। क्योंकि दौड़ने वाला थककर अपने लक्ष्य से भ्रमित हो जाता है, लेकिन विश्वास की लाठी थामे चलते रहने वाला अंतत: मंजिल तक पहुँच ही जाता है।

याशिका सिंह
कक्षा 8ब

जनरल नॉलेज

प्र.1 चंडीगढ़ का रॉक गार्डन/शैल उद्यान किसने बनाया था?
(अ) टेकचंद (ब) रामचंद
(स) नेकचंद (द) हीराचंद
उत्तर–स

प्र.2 राष्ट्रीय रक्षा अकादमी स्थित है –
(अ) नई दिल्ली में (ब) देहरादून में
(स) बडगवासना में (द) वोलिंगटन में
उत्तर–स

प्र.3 हैदराबाद में प्रसिद्ध स्थल है –
(अ) चारमीनार (ब) सालारजंग संग्रहालय
(स) इनमें से कोई नहीं (द) उपरोक्त दोनों
उत्तर–द

प्र.4 विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू एच ओ) का मुख्यालय स्थित है ?
(अ) हेग में (ब) जेनेवा में
(स) वॉशिंगरन में (द) न्यूयॉर्क में
उत्तर–ब

प्र.5 सफेद हाथियों का देश कहा जाता है?
(अ) थाईलैंड (ब) जापान
(स) भूटान (द) नेपाल
उत्तर–अ

अदिति शर्मा
कक्षा 6द

पहेलियाँ

प्र.1 भारत में सबसे ज्यादा किसकी फोटो छपती है?
उत्तर महात्मा गाँधी की।
प्र.2 ऐसी कौनसी चीज़ है जिने लोग खाते भी हैं और पीते भी हैं?
उत्तर नारियल
प्र.3 काला घोड़ा और सफेद सवानी एक उतरा दूसरे की बारी
उत्तर तवा रोटी
प्र.4 ऐसी कौनसी चीज़ है जिसे हम पीने के लिए खरीदते हैं, मगर कभी पीते नहीं हैं।
उत्तर गिलास
प्र.5 वे कौनसी चीज है जो अगर चलते-चलते थक जाए, तो उसकी गर्दन काटने पर वह वापिस चलने लग जाती है?
उत्तर पेंसिल
प्र.6 वो क्या है जो आपके सोते ही नीचे गिर जाती है और आपके उठते ही वो उठ जाती हैं?
उत्तर पलकें।
प्र.7 ऐसी कौनसी चीज़ है जो बच्चे को जवान और जवान को बूढ़ा बना देती है?
उत्तर उम्र
प्र.8 वो क्या है जिसे आप एक बार खाकर वापिस नहीं खाना चाहते मगर फिर भी खाते हैं?
उत्तर धोखा
प्र. 9 एक व्यक्ति अपनी जिन्दगी में सबसे ज्यादा बार क्या सुनता है?
उत्तर अपना नाम।
प्र.10 ऐसा कौनसा ड्राईवर है जिसे लाइसेंस की जरुरत नहीं होती ?
उत्तर स्क्रूड्राइवर
प्र.11 एकसी कौनसी चीज़ है जो हम खाते भी हैं और पहनते भी हैं?
उत्तर जूते7
प्र.12 कटोरे पर कटोरा बेटा बाप से भी गोरा
उत्तर नारियल
प्र. 13 हरी थी, मन भरी थी, राजाजी के बाग में दोशाला ओढ़े खड़ी थी।
उत्तर भुट्टा
प्र.14 लाल छड़ी खेत में गड़ी बताओ क्या?
उत्तर गाज़र।
प्र.15 ऐसी कौनसी चीज़ है जो काटो तो करती नहीं, मारो तो मरती नहीं?
उत्तर परछाई।

अति बैरागी
कक्षा 7 अ

स्त्री

हम शक्ति नहीं केवल,
हम सत्य से सजेंगे,
जीवन सरल सरज हो,
कुछ इस तरह मजेंगे।

भावों से खिलता जीवन,
भावों से मिलता जीवन,
भावों का खेल सारा,
भावों से हम खिलेंगे।

परमात्मा की पारी
सुंदर-सी हम कृति हैं
जीवन से हम भरे हैं।

दुर्गा भी, गौरी भी, रमा और शारदा भी,
हर रूप में हमी हैं।
माता भी, बहिन, पत्नी और पुत्री भी,
जिसकी तुम्हें जरुरत उस रूप में मिलेंगे।

विश्वास, प्रेम, अर्पण यह भाव हो हमारे,
अंकुर का हाथ थामे,
दुनिया नई रचेंगे।

प्रियंका डाँगी
कक्षा 8अ

दीप जलाऊँ

हर दिशा में तम गहराया।
इतने दीप कहाँ से लाऊ।।
जहाँ अँधेरा सबसे ज्यादा।
उन कोनों में दीप जलाऊँ।।
एक भावना के आँगन में।
एक साधना के आसन पर।।
एक उपासना के मन्दिर में।
एक सत्य के सिंहासन पर।।
बनूँ में माटी किसी दीप की,
और कभी बाती बन जाऊँ,
जहाँ अँधेरा सबसे ज्यादा
उन कोनों में दीप जलाऊँ
एक दिल के तहखाने में भी,
स्वप्रिल तारों की छत पर भी,
एक प्यार की पगडण्डी पर
खुले विचारों के मत पर भी,
जलूँ रात भर बिना बुझे मैं,
तेल बनूँ तिल तिल जल जाऊँ
जहाँ अँधेरा सबसे ज्यादा,
उन कोनों में दीप जलाऊँ।
एक दोस्ती की बैठक में,
एक ईमान की राहों पर भी।
एक मन की खिड़की के ऊपर
एक हंसी के चौराहों पर भी।
दीप की लौ है सहमी-सहमी,
तुफानों से इसे बचाऊँ,
जहाँ अँधेरा सबसे ज्यादा,
उन कोनों में दीप जलाऊँ।
बचपन के गलियों में भी एक,
और यादों के पिछवाड़े में भी।
अनुभव की तिजोरी पर एक,
और उम्र के बाडे में भी।
बार्ता की अपनी सीमा है,
कैसे इसकी उम्र बढ़ाऊँ।
जहाँ अँधेरा सबसे ज्यादा,
उन कोनों में दीप जलाऊँ।
हार है निश्चित अंधेरों की।
जगें ऐसी आस जगाऊँ।।
सुबह का सूरज जब तक आवे।
मैं प्रकाश प्रहरी बन जाऊँ।
हर दिशा में तम गहराया।
इतने दीप कहाँ से लाऊँ।
जहाँ अंधेरा सबसे ज्यादा।
उन कोनों में दीप जलाऊँ।।

केशव तिवारी
कक्षा 6द

मेरा देश

मेरा भारत महान,
गौरवशाली इसकी पहचान।
सभी धर्म के लोग हैं रहते,
आपस में वह नहीं है लड़ते।
प्रगति के पथ पर है बढ़ता,
पड़ोसियों से वह नहीं है डरता।
